शुक्रवार
07 अप्रैल 2023



पृष्ठ 4

खर्राटे की समस्या को दूर करने के लिए करें ये योगासन



पृष्ठ 5

अनुष्का कौशिक सीख रही महिलाओं का मार्शल आर्ट फॉर्म विंग चुन



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 69
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

अनुभव की पाठशाला में जो पाठ सीखे जाते हैं, वे पुस्तकों और विश्वविद्यालयों में नहीं मिलते।
— अज्ञात

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

### त्यूनी में घर में सिलेण्डर फटने का मामला

# नयाब तहसीलदार, अग्निशमन अधिकारी सहित पांच निलम्बित



संवाददाता

देहरादून। त्यूनी में घर में सिलेण्डर फटने से चार बच्चों की मौत के मामले को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने नयाब तहसीलदार व अग्निशमन विभाग के नोडल अधिकारी सहित चार को निलम्बित कर दिया। वहीं मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रूपये सहायता राशि की घोषणा की। वहीं पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने मामले की जांच डीआईजी को सौंप तीन दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिये। अभी तक दो बच्चों के ही शव बरामद हुए हैं। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिये।

उल्लेखनीय है कि गत दिवस सांय करीब साढे चार बजे करीब बलवीर सिह चौहान द्वारा थाना त्यूणी को टेलीफोन से सूचना दी गयी की त्यूनी पुल के पास एक चार मंजिला घर में सिलेण्डर फटने से आग लग गयी है , घर में कुछ बच्चे अन्दर फंसे है। इस सूचना पर तुरंत फायर सर्विस त्यूनी को सूचना दी गयी।

**●मुख्यमंत्री ने की मृतक के परिजनों को 2-2 लाख की सहायता राशि की घोषणा**
**●डीजीपी ने डीआईजी को सौंपी जांच**
**●जिलाधिकारी ने दिये मजिस्ट्रियल जांच के आदेश**

त्यूनी पुलिस मय फोर्स के फायर सर्विस के दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे एंव दमकल वाहन की निर्धारित जल क्षमता के अनुसार आग को बुझाने का भरकस प्रयास किया गया। मकान चार मंजिला व अधिकतर लकडी का होने के कारण आग ने वीभत्स रूप

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

### जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की चेतावनी

# मांगों को नहीं माना तो 27 को चक्का जाम

विशेष संवाददाता

जोशीमठ। तीन महीने से आंदोलित जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने उत्तराखंड के शासन-प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 27 अप्रैल से शुरू होने वाली बद्रीनाथ यात्रा के पहले दिन वह चक्का जाम कर यात्रा को रोक देंगे।

जोशीमठ आपदा प्रभावितों को उचित मुआवजा और पुनर्वास की उचित व्यवस्था करने तथा जोशीमठ आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने व एनटीपीसी की विष्णु गाड विद्युत परियोजना को पूर्णतया बंद करने जैसी अनेक मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे जोशीमठ आपदा प्रभावित लोगों द्वारा जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले बीते तीन माह से लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जोशीमठ के हालात में किसी भी तरह का सुधार नहीं आया है आज आपदा के साढ़े 3 महीने बाद आज भी हालात जस के तस बने हुए हैं।

स्थानीय लोगों का मानना है कि

**●जोशीमठ आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करें**
**●सभी परिवारों के पुनर्वास का इंतजाम करें**

जोशीमठ आपदा के लिए यहां चल रही बिजली परियोजनाएं और ऑल वेदर रोड के लिए किए जाने वाले काम ही जिम्मेवार हैं। आपदा की मार झेल रहे लोगों का आरोप है कि सरकार द्वारा 300 परिवारों को आपदा प्रभावितों में शुमार किया जा रहा है जबकि जोशीमठ में हो रहे इस भू धसाव से 3 हजार परिवार प्रभावित हैं। उनका कहना है कि आपदा के बाद तमाम विभागों की टीमों द्वारा यहां आकर सर्वे किए गए लेकिन अब इस जांच के आधार पर क्या निष्कर्ष निकल कर सामने आए यह किसी को भी पता नहीं है। उनका कहना है कि सरकार को एनडीएमए की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना चाहिए।

संघर्ष समिति का कहना है कि सरकार द्वारा अब तक 31 आपदा प्रभावितों को 8 करोड़ की मदद देकर तथा कुछ

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## ट्रेन में आग लगाने के आरोपी शाहरुख को कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा

कोझिकोड। केरल के कोझिकोड में एक ट्रेन में आग लगाकर यात्री की हत्या करने वाले आरोपी शाहरुख सैफी को आज कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी शाहरुख कोझिकोड सरकारी मेडिकल कॉलेज में



चिकित्सा उपचार के अधीन रहेगा। दरअसल, आज आरोपी शाहरुख को मेडिकल के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। केरल के कोझिकोड के पास चलती ट्रेन में रविवार रात को हमलावर शाहरुख सैफी ने पेट्रोल फेंक कर ट्रेन में आग लगा दी थी। इस हादसे में एक बच्चे सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। ट्रेन में आग लगाने वाला आरोपी शाहरुख घटना को अंजाम देने के बाद से फरार था। ऐसे में पुलिस ने जांच टीम बना कर आरोपी की केरल से लेकर महाराष्ट्र तक पड़ताल की। इसके बाद ट्रल इंटेलिजेंस और महाराष्ट्र एटीएस की एक संयुक्त टीम ने केरल ट्रेन फायर मामले में फरार आरोपी शारुख सैफी को मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात महाराष्ट्र के रत्नागिरी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के बाद जांच टीम ने मामले से संबंधित पूछताछ की और जांच को तेज कर दिया।

## आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम किरण कुमार रेड्डी भाजपा में शामिल हुए

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। यह पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को एक लाइन का त्याग पत्र भेजकर कांग्रेस छोड़ने के कुछ सप्ताह बाद आया। किरण रेड्डी ने संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने कहा कि मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि मैं कांग्रेस पार्टी छोड़ूंगा लेकिन अब परिस्थिति वैसी बन गई कि मैं छोड़ने के लिए मजबूर हो गया।




किरण कुमार रेड्डी 2 जून, 2014 को तेलंगाना राज्य के गठन से पहले अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री थे। उन्होंने अविभाजित आंध्र प्रदेश में विधान सभा के सदस्य के रूप में चार बार सेवा की। उन्होंने विभाजन बिल का विरोध करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया और फिर कुछ समय के लिए अंतरिम मुख्यमंत्री बने रहे। 10 मार्च 2014 को, उन्होंने अपनी नई राजनीतिक पार्टी श्जय समैक्य आंध्र पार्टीश बनाई। चुनावों में, पार्टी एक भी सीट जीतने में विफल रही और सभी सीटों पर चुनाव लड़े जाने पर जमा राशि खो दी। 13 जुलाई, 2018 को पार्टी भंग हो गई और रेड्डी फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। रिपोर्टों का कहना है कि किरण कुमार रेड्डी आगामी चुनावों के लिए भाजपा नेताओं से संयुक्त जिम्मेदारियों के आश्वासन के साथ भाजपा में शामिल होने के लिए आगे आए। दूसरी ओर, रायलसीमा में अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए उन्हें आमंत्रित करने के लिए भाजपा में एक दिलचस्प अभियान चल रहा है। हालांकि, नेताओं की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# हृदय विदारक हादसा

'जा तन लगे सोइ तन जाने, कोई न जाने पीर पराई, बीते कल कालसी विकासनगर क्षेत्र के त्यूणी में एक घर में लगी आग में 4 मासूम बच्चियों की जलकर मौत हो गई। एक ही परिवार की तीन सगी बहनों की चार बच्चियों की इस दर्दनाक मौत का दर्द उनका परिवार ही समझ सकता है कि उन्होंने हादसे में क्या कुछ खो दिया है। सरकार द्वारा भले ही अब पीड़ित परिजनों को मुआवजा दे दिया जाए या शासन-प्रशासन स्तर पर कुछ कर्मचारियों को निलंबित और बर्खास्त कर दिया जाए या फिर दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए जाए, परिजनों के जख्म भरने के लिए काफी नहीं हो सकते हैं। इस हादसे के मामले में एक बात जो सामने आई है वह है अग्निशमन की गाड़ी में पानी न होने या फिर दमकल कर्मियों के नशे में होने की। निश्चित तौर पर यह अत्यंत ही घोर लापरवाही है। अव्वल तो क्षेत्र में अग्निशमन की व्यवस्था नाम मात्र भर की है कि सिंचाई विभाग के भवन में एक दमकल गाड़ी के भरोसे यह दमकल विभाग काम करने की औपचारिकता पूरी कर रहा है। उसके ऊपर से हालात यह है कि वह एक गाड़ी का टैंक भी खाली पड़ा रहे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग की सूचना मिलने पर जब यह दमकल वाहन घटनास्थल पर पहुंचा तो सिर्फ एक कमरे में ही आग लगी थी लेकिन चंद मिनट में ही पानी खत्म हो गया और वाहन दोबारा पानी भरकर डेढ़ घंटे बाद लौटा तब तक पूरा मकान जलकर राख हो चुका था। क्योंकि मकान लकड़ी का बना था और आग लगने का कारण गैस सिलेंडर फटना या लीक होना था ऐसे में 2 घंटों में सब कुछ खत्म होगी जाना था। स्थानीय लोगों का आरोप यह भी है कि दमकल कर्मी नशे में थे। जिन्हें लोग पकड़कर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र मेडिकल कराने तक ले गए लेकिन जांच की कोई सुविधा न होने के कारण इनका मेडिकल नहीं हो सका। दरअसल इन दमकल कर्मियों को किसी काम की तन्खाह नहीं मिल रही है। यहां उनके पास साल दो साल में एक दो बार काम आता है बाकी समय में वह अपना पी-खाकर मस्त रहते हैं क्योंकि पगार तो सरकार दे ही रही है। अभी मसूरी में हुए बस हादसे में भी ड्राइवर के नशे में होने की बात सामने आई थी यह ड्राइवर भी हादसे के बाद भाग आया था जिसका पता अगले दिन लग सका है। डॉक्टर नशे में इलाज कर रहे हैं ड्राइवर नशे में गाड़ी चला रहे हैं। दमकल कर्मी नशे में आग बुझाने पहुंच रहे हैं? राज्य के शिक्षक नशे में बच्चों को पढ़ा रहे हैं तब फिर ऐसी स्थिति में आप किससे क्या अपेक्षा कर सकते हैं। नशे में कर्मचारियों का ड्यूटी करना जैसे राज्य में कोई रवायत बन गया है। और तो और जिस पुलिस महकमे की ड्यूटी कानून व्यवस्था बनाए रखने की होती है वह ड्यूटी पर शराब के नशे में देखे जा सकते हैं। भले ही ड्यूटी पर शराब पीना अपराध की श्रेणी में आता हो लेकिन इसे रोकने की तरफ कभी किसी का ध्यान नहीं जाता। जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। हर हादसे के बाद व्यवस्थाओं को ठीक करने की 4 दिन बात होती है और समाप्त हो जाती है। 2005 में त्यूणी में भयंकर भीषण अग्नि कांड हुआ था जिसमें पूरा त्यूणी बाजार जल गया था। 2011 में फिर दूसरा अग्नि कांड हुआ लेकिन इस क्षेत्र में अग्निशमन की सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गई? यह हमारे सामने हैं। बीते कल भी आग बुझाने के लिए हिमाचल से गाड़ी मंगानी पड़ी। डेढ़ लाख की आबादी की आग से सुरक्षा के लिए एक गाड़ी है उसके कर्मचारी भी नशे में रहते हैं फिर नेता और अधिकारी इस घटना पर घड़ियाली आंसू क्यों बहा रहे हैं?

# एप डाउनलोड करा चिकित्सक से ठगे तीन लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। चिकित्सक से एप डाउनलोड कराकर तीन लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्शीवाद एन्क्लेव निवासी डा. राकेश कालरा ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फोन पर व्हटसएप कॉल आयी तथा कॉल करने वाले ने स्वंय को फोटिस हास्पिटल का कर्मचारी बताते हुए उसको एक एप डाउनलोड करने के लिए लिंक भेजा उसने जैसे ही एप डाउनलोड किया उसके खाते से दो लाख रूपये 98 हजार 985 रूपये निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

*आ त्वा मदच्युता हरी श्येनं पक्षेव वक्षतः।*
*दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥*

(ऋग्वेद ८-३४-९)

हे साधक ! तुम्हारी शारीरिक और आध्यात्मिक शक्तियां तुम्हें अपने लक्ष्य तक उसी प्रकार पहुंचा सकती हैं जिस प्रकार की एक बाज को उसके दो पंख उसके गंतव्य तक पहुंचाते हैं।

O seeker ! May your physical and spiritual powers carry you to your goal, just as two wings carry a falcon to its destination. (Rig Ved 8-34-9)

# तीर्थनगरी ऋषिकेश को मिला पहला कम्युनिटी रेडियो एफएम स्टेशन

## ❑दीप प्रज्वलित कर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

हमारे संवाददाता

देहरादून। तीर्थ नगरी ऋषिकेश में आज ऋषिकेश के लोगों को पहला एफएम रेडियो स्टेशन की सौगात मिल गई है। ढालवाला के भारतीय ग्रामोत्थान संस्था से प्रसारण होने वाला पहला एफएम चैनल रेडियो ऋषिकेश 90 एफएम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने फीता काटकर किया।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने कहा कि इस रेडियो स्टेशन को दुनियाभर में सुना जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह रेडियो स्टेशन अपने कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता लाएगा और लोगों के दुख, दर्द के साथ ही समस्याओं को उजागर भी करेगा।

संचार क्रांति के दौर में अब भले ही मनोरंजन के बहुत सारे साधन उपलब्ध हैं, लेकिन रेडियो की जगह कोई नहीं ले पाया है। मोबाइल फोन पर रेडियो सुनने की सुविधा उपलब्ध होने से श्रोताओं की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इसकी पहुंच गांव-गांव घर-घर तक है तभी तो




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम के लिए रेडियो का सहारा लेते हैं। एमएफ के कार्यक्रम शुरू किए जाने की वजह से युवा पीढ़ी भी रेडियो से जुड़ रही है। रेडियो के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं, कलाकारों, शिक्षाविदों एवं बुद्धिजीवियों को मंच भी उपलब्ध होगा।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने भारतीय ग्रामोत्थान संस्था का स्थलीय निरक्षण कर वहां बन रहे घरेलू उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामोत्थान संस्था की सराहना करते हुए कहा की भारतीय ग्रामोत्थान संस्था महिलाओं को रोजगार देने के साथ-साथ पहाड़ी उत्पादों का प्रचार-प्रसार भी कर रहे हैं।

संस्था द्वारा तैयार किए गए तरह-तरह के उत्पाद बाजार में अपनी खास पहचान बना रहे हैं। उच्च गुणवत्ता वाले इन उत्पादों की मांग देश के विभिन्न प्रदेशों के साथ ही विदेशों में भी बढ़ रही है। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मुनी की रेती रोशन रतूड़ी, अतुल चंदोला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# महाविद्यालय बेलश्वर की कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ

नई टिहरी (आरएनएस)। घनसाली विधायक ने स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर महाविद्यालय बेलेश्वर में कम्प्यूटर लैब के साथ कक्षा कक्ष का उद्धघाटन कर विद्यालय को समर्पित किया। कॉलेज संस्थापक ने विधायक का फूल माला और शाल भेंटकर स्वागत किया। घनसाली के बेलश्वर में स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर महाविद्यालय बेलेश्वर में तीन लाख रुपये विधायक निधि से निर्मित कक्षा कक्ष तथा भिलंगना हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट घुत्तू भिलंग की सीएसआर मद से उपलब्ध कराए गये कम्प्यूटर लैब का विधायक शक्तिलाल शाह ने उद्घाटन कर विद्यालय को समर्पित किये विधायक ने पुस्तकालय स्थापना के लिए भी मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने महाविद्यालय प्रबंधक गोविंद सिंह रावत की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने पुरुषार्थ के बल पर उन्होंने अल्प संसाधनों के बावजूद डिग्री कालेज की स्थापना की। महाविद्यालय में क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ कई लोगो को रोजगार मुहैया हो रहा है। विधायक ने महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किये।

# लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए एसएसपी ने सम्भाली कमान

संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। नौ अप्रैल को लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के लिए एसएसपी श्वेता चौबे ने कमान सम्भालते हुए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से थाना चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये।

9 अप्रैल को आयोजित होने वाली उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा वन विभाग के अन्तर्गत लिखित परीक्षा-2022 में शान्ति/कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे द्वारा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम गोष्ठी की गयी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निम्न दिशा निर्देश दिये गये। जनपद पौड़ी गढ़वाल के 44 परीक्षा केन्द्रों (पौड़ी-09, श्रीनगर-13 एवं कोटद्वार-22) में लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। थाना प्रभारी (कोटद्वार, श्रीनगर, पौड़ी) अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पुलिस भर्ती परीक्षा में विशेष सतर्क दृष्टि बनाकर फ्लाईंग स्क्वाड के साथ पूरे दिन अपने अपने थाना क्षेत्रों में राउण्ड पर रहेंगे। निरीक्षक स्थानीय अभिसूचना ईकाई को परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की चेकिंग फ्रिसकिंग करने



हेतु परीक्षा केन्द्रों पर कार्मिकों को नियुक्त करेंगें। जो लोक सेवा आयोग द्वारा प्रतिबन्धित वस्तुओं (मोबाईल, फोन, बटन, कैमरा, ब्लूटूथ, पैन कैमरा आदि

### ●थाना-चौकी प्रभारियों को दिये निर्देश

इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस) की चेकिंग करेंगे। परीक्षा को सकुशल एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुये परीक्षा केन्द्रों के बाहर शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाये रखेंगे। परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटीरत्त पुलिस कार्मिकों को पारदर्शी रहकर निध िरित वर्दी में समय नौ बजे से पूर्व केन्द्रों पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। ड्यूटीरत पुलिस बल द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर पूर्णतया शान्ति व्यवस्था बनायी रखी जायेगी। इस हेतु सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त मजिस्ट्रेटों को अपेक्षानुसार आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस बल परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षा केन्द्रों पर होने वाली सम्पूर्ण कार्यवाही के उपरान्त ही अपने ड्यूटी प्वाइन्ट से प्रस्थान करेंगे। सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल को ड्यूटी में जाने से पूर्व उपरोक्त दिये गये निर्देशों पालन करने हेतु भली-भाँति ब्रीफ कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

# वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सराहा

संवाददाता

नरेन्द्र नगर। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी व राजकीय प्राथमिक विद्यालय बडल द्वारा संयुक्त रूप से वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया।

आज यहां प्रखंड में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी व राजकीय प्राथमिक विद्यालय बडल के द्वारा संयुक्त रूप से वार्षिकोत्सव समारोह शिवपुरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत तपोवन पूरण सिंह पुंडीर ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया, मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत तपोवन ने अपने सम्बोधन में कहा कि वार्षिकोत्सव समारोह साल भर की गतिविधियों को प्रस्तुत करता है, इससे बच्चों में शिक्षण के अलावा अन्य प्रतिभाओं को विकसित करने का मौका मिलेगा। अतिथियों व अभिभावकों ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती किरन उनियाल,सहयोगी शिक्षक जितेन्द्र सिंह कंडारी, विपिन पठोई, श्रीमती माधुरी गौड़, सरोजिनी कैंतुरा, को पठन पाठन के साथ साथ अन्य शैक्षणिक क्रियाकलापों के सफल आयोजन हेतु बधाई दी। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में खूब तालियां बटोरी, खंड शिक्षा अधिकारी ओ.पी वर्मा ने सम्बोधन में कहा कि सीमित संसाधनों के बाबजूद भी पठन पाठन की स्थिति प्रशंसनीय है, सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों को धारणा बदल कर अपने पाल्यों को प्रवेश दिलाना चाहिए, इस अवसर पर प्रधानाचार्य आलोक गौतम, जूनियर संगठन के अध्यक्ष जगमोहन सिंह रावत, मंत्री भरत लाल बडोनी, कोषाध्यक्ष आचार्य संतोष व्यास, सी .आर.सी.समन्वयक राकेश तिवारी, जगदम्बा कंडारी, श्रीमती बंदना भंडारी, रीना उनियाल, उर्मिला भंडारी, शीशपाल सिंह ने विचार व्यक्त किए, समापन पर अतिथियों के द्वारा छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए, प्रधानाध्यापिका श्रीमती किरन उनियाल ने सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त किया गया।

# स्मैक के साथ महिला सहित तीन गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला कोतवाली पुलिस ने कुडकावाला के पास एक महिला व पुरूष को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख दोनों भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से 56 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सोनी पत्नी प्रदीप निवासी कुडकावाला व अनूप कुमार पुत्र गोविन्द राम निवासी राजीव कालोनी गैस गोदाम के पास बताया। वहीं पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने आर्मी ग्राउण्ड के पास से एक व्यक्ति को दस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। जिसने अपना नाम उमेश शाही निवासी सेवा खुर्द चन्द्रबनी बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# तहसील दिवसों का रोस्टर हुआ जारी

कार्यालय संवाददाता

टिहरी। आम जन मानस की शिकायतों/समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल की अध्यक्षता में प्रत्येक माह आयोजित होने वाले तहसील दिवसों का रोस्टर हुआ जारी।

जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल द्वारा जनपद की तहसीलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले तहसील दिवसों का रोस्टर जारी किया गया है। तहसील दिवस प्रत्येक प्रत्येक माह के प्रथम अथवा तृतीय मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक आयोजित किये जायेंगे।

रोस्टर के अनुसार दिनांक 16 मई, 2023 को तहसील जाखणीधार (स्थान रा.इ.का. जाखणीधार), दिनांक 06 जून, 2023 को तहसील प्रतापनगर (स्थान खण्ड विकास कार्यालय), दिनांक 04 जुलाई, 2023 को उप तहसील पावकीदेवी, दिनांक 01 अगस्त, 2023 को तहसील कण्डीसौड़, दिनांक 05 सितम्बर, 2023 को तहसील बालगंगा (स्थान रा.इ.का. चमियाला), दिनांक 03 अक्टूबर, 2023 को तहसील धनोल्टी (स्थान ब्लॉक थत्यूड़), दिनांक 07 नवम्बर, 2023 को उप तहसील मदननेगी, दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 को तहसील गजा, दिनांक 02 जनवरी, 2024 को तहसील नैनबाग, दिनांक 06 फरवरी, 2024 को तहसील टिहरी, दिनांक 05 मार्च, 2024 को तहसील नरेन्द्रनगर, दिनांक 02 अप्रैल, 2024 को तहसील घनसाली, दिनांक 07 मई, 2024 को तहसील कीर्तिनगर तथा दिनांक 04 जून, 2024 को तहसील देवप्रयाग में आयोजित किया जायेगा।

जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल डॉ. सौरभ गहरवार ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित उक्त तहसील दिवसों में अनिवार्य रूप से स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

# रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को नहीं मिल पा रहा है प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभः चोपड़ा

कार्यालय संवाददाता



हरिद्वार। रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जा रही 10,000 की अनुदान राशि के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत मिलने वाले बैंक लोन में बैंकों द्वारा बढ़ती जा रही लापरवाही के विरोध में लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में नगर निगम की कर अधीक्षक सुनीता सक्सेना के कार्यालय पर पहुंचकर भारी तादाद में लघु व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में कर अधीक्षक सुनीता सक्सेना से विस्तार पूर्वक चर्चा कर नगर आयुक्त के नाम संबोधित अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कोविड-19 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतवर्ष के रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 50,00,000 रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को 10,000 की बैंक लोन राशि दिए जाने को लेकर नगर निगम प्रशासन की अगुवाई में लक्ष्य निर्धारित किए गए थे लेकिन स्थानीय बैंकों की लापरवाही व रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को टालमटोल के साथ लापरवाही बढ़ती जा रही है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

संजय चोपड़ा ने यह भी कहा उत्तराखंड शासन के निर्देश अनुसार लीड बैंक के मैनेजर नगर निगम सिटी मेनशन और नगर आयुक्त की अध्यक्षता में जो कमेटी बनी हुई है उसकी एक भी बैठक 5 साल बीत जाने के उपरांत भी नहीं की गई है, जिसके कारण रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली 10,000 की अनुदान राशि के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है जोकि न्याय पूर्ण नहीं है।

इस अवसर पर नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में कर अधीक्षक सुनीता सक्सेना से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में यामीन अंसारी, नम्रता सरकार, आजम खान, अनूप सिंह, मुकेश राजपूत, पवन, रवि, अरोड़ा, जय भगवान, बिजेंदर चौधरी, सभापति सिंह, ललित कुमार, मुकेश दीवान, नुसरत अली, अमित कुमार, ओमप्रकाश सिंह, उषा देवी, शीशराम सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# आरटीई एडमिशन में दलालों पर नकेल कसे शासनः मोर्चा

नगर संवाददाता



देहरादून। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत होने वाले ऐडमिशंस (दाखिलों) में महा घोटाले को लेकर जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने सचिव, विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन से मुलाकात कर दलालों एवं विभागीय अधिकारियों पर नकेल कसने को ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन ने जिलाधिकारियों की देखरेख में कार्यवाही को अंजाम देने की बात कही एवं तत्काल यू डाइस अपडेशन होने के उपरांत फर्जीवाड़े की जद में आने वाले स्कूलों की मान्यता समाप्त करने का आश्वासन दिया गया।

नेगी ने कहा कि वैसे तो पूरे प्रदेश में कई जालसाज विद्यालय स्वामी अधिकारियों के साथ मिलकर आरटीई के तहत होने वाले ऐडमिशन में फर्जी छात्र संख्या दर्शाकर सिर्फ आरटीई के एडमिशन हड़पने के उद्देश्य से स्कूल चला रहे हैं तथा करोड़ों रुपए का काला कारोबार कर रहे हैं, वहीं इस गोरखधंधे का प्रमुख केंद्र विकासनगर क्षेत्र बन चुका है, जिसमें प्रतिवर्ष सरकार को लाखों-करोड़ों रुपए की चपत लग रही है। नेगी ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों, जिनके लिए यह कानून बनाया गया है, उनको समुचित एडमिशन का कोटा नहीं मिल पाता, वहीं दूसरी ओर दलाल भारी मात्रा में दाखिले हड़प लेते हैं। नेगी ने इस बात को भी शासन के समक्ष रखा की अगर शीघ्र ही यू डाइस अपडेशन (आधार व पूरा डाटा) का कार्य पूर्ण हो जाता है तो ये काला सच जनता के सामने आ सकता है तथा कई विद्यालय स्वामियों के पापों का पोस्टमार्टम हो सकता है। नेगी ने कहा कि इस मामले को मोर्चा द्वारा हाल ही में विद्यालयी शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के समक्ष भी रखा गया था। उन्होने भी व्यापक स्तर पर जांच कराने की बात कही।

# झूठ का पुलिंदा है बीजेपीः लालचंद शर्मा

संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी से लेकर पूरी बीजेपी झूठ का पुलिंदा है।

आज यहां उत्तराखंड में देहरादून महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर पूरी बीजेपी को ही झूठ का पुलिंदा करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को लेकर जिस तरह से झूठ फैलाए जा रहे हैं, उससे साफ है कि बीजेपी डरी हुई है। उन्होंने कहा कि सूरत कोर्ट से वर्ष 2019 के भाषण पर राहुल गांधी के खिलाफ फैसला आने पर बीजेपी ने पूरे देशभर में ये प्रचारित कर दिया कि राहुल गांधी ने ओबीसी का अपमान किया। ये झूठ और जातिगत कार्ड भी बीजेपी का नहीं चला। अब उल्टे ओबीसी समाज ने ही बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लीगल नोटिस भेजा है। लालचंद शर्मा ने कहा कि जितनी बार प्रधानमंत्री से लेकर बीजेपी तंत्र ने झूठ फैलाया, उतनी बार ही राहुल गांधी की छवि और निखरी है। क्योंकि वह सत्य के साथ खड़े हैं। वह जो बोलते हैं, उसे लोग बाद में महसूस करते हैं। यदि राहुल गांधी ने अडानी और मोदी के रिश्ते के संबंध में सवाल किए तो उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया। उनके खिलाफ गलत मुकदमें में हुए फैसले को लेकर कार्यवाही की गई। उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई। साथ ही उनको आवास खाली करने का नोटिस दिया गया। इसके बावजूद राहुल के साथ ही पूरी कांग्रेस बीजेपी, आरएसएस से डरने वाली नहीं है। शर्मा ने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लीगल नोटिस जारी किया गया है। ये लीगल नोटिस ओबीसी महासभा की ओर से जेपी नड्डा को भेजा गया है। बीते 24 मार्च को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ट्विट कर कहा था कि राहुल गांधी का अहंकार बहुत बड़ा और समझ बहुत छोटी है, अपने राजनीतिक लाभ के लिए उन्होंने पूरे ओबीसी समाज का अपमान किया, उन्हें चोर कहा..., लगातार ओबीसी समाज की भावना को ठेस पहुंचाई। शर्मा ने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के झूठ की पोल भी ओबीसी महासभा की ओर से भेजे गए नोटिस से खुल गई है। ओबीसी समाज ने कहा कि जेपी नड्डा ने लगातार ओबीसी समाज की भावना को ठेस पहुंचाई है। ओबीसी महासभा के कोर कमेटी के मेंबर धर्मेंद्र कुशवाह की ओर से ये नोटिस भाजपा अध्यक्ष को पहुंचाया गया है। नोटिस में ये भी कहा गया है कि, अगर तय समयावधि में नड्डा ओबीसी समाज से माफी नहीं मांगते तो उनके खिलाफ कोर्ट में मानहनि का मुकदमा दायर किया जाएगा।

# आईआईटी रुडकी ने मनाया अपना 22वां दीक्षांत समारोह

हरिद्वार (सं)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूडकी ने अपना 22वां वार्षिक दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया जिसमें 2022 उपाधियां वितरित की गयी। आज यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने अपना 22वां वार्षिक दीक्षांत समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। समारोह की शुरुआत छात्रों द्वारा राष्ट्रगान कुलगीत (संस्थान गीत) के गायन से हुई। इस वर्ष कुल 2022 उपाधियाँ वितरित की गई, इनमें 1005 स्नातक, 638 स्नातकोत्तर और 379 डॉक्टरेट उपाधियाँ शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं, उनके परिवारों और परिसरीय समुदाय ने भौतिक रूप में कोविड के बाद पहले वार्षिक उपाधि कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस भव्य समारोह की अध्यक्षता आईआईटी रुड़की की अभिशासक परिषद के अध्यक्ष वी वी आर मोहन रेड्डी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत सरकार में शिक्षा एवं कौशल विकास व उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्र छात्राओं को वर्चुअल संबोधित किया। उन्होंने कहा की देश टैकनोलोजी के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है और आईआईटी रुड़की के छात्रों ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपने देश और संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश ने नए आयाम स्थापित किए हैं जिसमें देश की आईआईटी का भी पूरा सहयोग रहा है। प्रो. के.के. पंत, निदेशक, आईआईटी रुड़की ने उपाधि प्राप्तकर्ताओं एवं अन्य लोगों का स्वागत किया तथा संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अपना वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संस्थान के उप निदेशक, प्रोफेसर यू.पी. सिंह भी समारोह में उपस्थित थे। प्रोफेसर अपूर्व कुमार शर्मा, कुलशासक शैक्षणिक मामले ने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्तकर्ताओं तथा विभिन्न पदकों एवं श्रेष्ठता प्रमाणपत्रों के पुरस्कार विजेताओं, जिन्होंने अपनी विशेषज्ञता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। धर्मेंद्र प्रधान, भारत सरकार के मंत्रिमंडल में शिक्षा एवं कौशल विकास व उद्यमशीलता मंत्री हैं। प्रधान को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए सम्मानित किया जाता है तथा उन्होंने देश में शिक्षा के क्षेत्र को सक्रिय करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# बिजली चोरी में दो पर मुकदमा

देहरादून (सं)। मीटर से केबल काटकर बिजली चोरी करने वाले दो लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार केवी उपसंस्थान चकराता के अवर अभियंता अश्विनी कुमार ने चकराता थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने मालती गांव में श्याम लाल व क्वांसी गांव में विजय सिंह के घर पर छापा मारा तो वहां पर मीटर से केबल काटकर बिजली चोरी करते हुए पकड लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जेवरात वापस ना करने पर पति पत्नी सहित तीन पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। घर से जेवरात पहनकर ले जाकर वापस ना करने व जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने पति पत्नी सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्ट नगर निवासी दिनेश ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि अंकित कुमार उर्फ रिंकी पुत्र विनोद कुमार एवं काजल उर्फ दिव्या निवासी चन्द्रबनी देहरादून का उसके घर आना-जाना था चार मार्च को अंकित अपनी पत्नी काजल उर्फ दिव्या के साथ उसके घर आये वह अपने अपने कार्यो मे व्यस्त थे उसकी बेटी को विश्वास में लेकर उसके घर में रखे आभूषण एक गले का सोने का सैट, एक झुमकी, दो अंगूठी, मांग टीका, एक नथ, पाजेब आदि पहनकर देखने लगी ओर लेकर चली गयी इसकी जानकारी 9 मार्च को हुई तो उसने अंकित व दिव्या से पूछा कि हमारे आभूषण क्यो लेकर गये तो बताया कि उसकी पत्नी पहनने के लिऐ ले गयी थी वह दो दिन बाद वापस कर देगे परन्तु आज तक ना आभूषण वापस किये जिसके बाद लिखकर दिया कि आभषण नही दे सकता लेकिन आभूषण कि कीमत रुपये चार लाख एक सप्ताह मे अदा कर दूँगा परन्तु ना तो आभूषण दिये ना ही रुपये दिये इसके बाद अंकित के चाचा राजशे शर्मा ने फोन पर उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# खर्राटे की समस्या को दूर करने के लिए करें ये योगासन



किसी भी व्यक्ति को सोते वक्त खर्राटे तब आते हैं जब उसकी नाक और गले के माध्यम से हवा का मार्ग सिकुड़ जाता है। इससे ब्रीथिंग साइकिल बाधित हो जाती है। हालांकि, इससे खर्राटे वाले व्यक्ति के अलग-बगल सोने वालों की भी नींद खराब हो जाती है। इसे नियंत्रित करने के लिए कई उपकरण हैं, लेकिन अपनी जीवनशैली में कुछ योगासन को शामिल करने से इससे जल्द राहत मिल सकता है। आइए आज इसी से जुड़े 5 योगासन जानते हैं।

भुजंगासन

भुजंगासन के लिए योगा मैट पर दोनों हाथों को कंधों के बगल में रखकर पेट के बल लेट जाएं। अब हाथों से दबाव देते हुए शरीर के ऊपरी हिस्से को उठाएं और दोनों पैरों को सीधा रखते हुए स्ट्रेच करें। इसके बाद 3० सेकंड इसी मुद्रा में बने रहें और फिर धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं। यह मुद्रा छाती को फैलाने में मदद करती है, जिससे सांस लेने में आसानी होती है।

धनुरासन

धनुरासन के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अब अपने दोनों घुटनों को अपनी पीठ की तरफ मोड़ें और हाथों से टखनों को पकड़ने की कोशिश करें। इसके बाद सांस लेते हुए अपने पूरे शरीर को इस प्रकार ऊपर उठाने की कोशिश करें कि शरीर का आकार धनुष के समान लगे। यह मुद्रा गहरी सांस लेने और छोड़ने



के साथ आपकी सांस को नियंत्रित करने में मदद करती है।

भ्रामरी प्राणायाम

सबसे पहले योगा मैट पर पद्मासन की स्थिति में बैठ जाएं। अब अपने दोनों हाथों को कोहनियों से मोड़कर अपने कानों के पास लाएं और अंगूठों से अपने दोनों कानो को बंद करें। इसके बाद अन्य उंगलियों को आंखों के ऊपर रखकर उन्हें बंद कर लें। अब नाक से सांस लेते हुए हम्म का उच्चारण करें। कुछ मिनट बाद धीरे-धीरे आंखों को खोलें और प्राणायाम को छोड़कर सामान्य हो जाएं।

कपालभाति प्राणायाम

सबसे पहले योगा मैट पर पद्मासन की स्थिति में बैठ जाएं और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर ज्ञान मुद्रा में रख लें। अब अपनी दोनों आंखों को बंद करें और अपने पूरे शरीर को ढीला छोड़कर नाक से गहरी सांस लें। इसके बाद पेट की मांसपेशियों को सिकोड़ते हुए सांस छोड़ें और सांस छोड़ते समय ज्यादा दबाव न डालें। इस योग से आपको बेहतर और गहरी नींद आने में मदद मिलेगी।

सिंहासन (लायन पोज)

सिंहासन के लिए सबसे पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठें और फिर घुटनों को खोलते हुए शेर की मुद्रा में बैठ जाएं। अब अपने दोनों हाथों को घुटनों के ऊपर रखें। इसके बाद चेहरे की मांसपेशियों पर दबाव डालते हुए जीभ को नीचे की ओर से बाहर निकालें और मुंह खोलकर शेर की तरह दहाड़ लगाएं। यह योग आसन आपके गले की मांसपेशियों को आराम देता है और छाती में तनाव को दूर करता है।



## शब्द सामर्थ्य -080


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# मैत्री में श्रेनु पारिख के लिए एक बच्चे के साथ शूटिंग करना हुआ मुश्किल

टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख शो मैत्री में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। एक्ट्रेस ने एक बच्चे अजीमा शेख के साथ शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि शुरू में उनका नर्वस साइड कैसे गायब हो गया था। श्रेनु ने कहा, जो बच्चा नंदिनी (भाविका चौधरी) के बेटे का किरदार निभा रहा है, वह वास्तव में एक बच्ची है और जब मुझे पता चला कि हम एक नवजात के साथ शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं, तो मैं बहुत घबरा गई। हम सभी जानते हैं कि इसे संभालना कितना मुश्किल है। छोटे बच्चे और उनके साथ शूटिंग करना पूरी तरह से एक और काम है। कोई भी नवजात के मूड का अनुमान नहीं लगा सकता है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अजीमा बहुत शांत बच्ची है।

श्रेनु पारिख इस प्यार को क्या नाम दूं? में अपनी किरदार के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने आगे साझा किया कि अब वह अजीमा के साथ काम करने में सहज है और उसके साथ काम करते हुए एक अच्छी मां बनने की ट्रेनिंग भी ले रही है।

वह सिर्फ 3 महीने की बच्ची है, लेकिन क्योंकि मैं उसके साथ अतिरिक्त समय बिताती हूं, वह मुझे पहचानती है। जब भी मैं उसे शांत करती हूं तो वह आसानी से शांत हो जाती है। हर बार जब मैं उसे शोटू कहती हूं, तो वह तुरंत अपनी सबसे कीमती मुस्कान देकर मुझे जवाब देती है। वास्तव में, जब अजीमा मेरी गोद में होती है तो उसकी मां भी बहुत सुरक्षित महसूस करती है। और अब, अजीमा के मेरे जीवन में आने के बाद, मुझे वास्तव में लगता है कि किसी दिन, मैं एक अच्छी मां बन सकती हूं।

यह शो प्रयागराज शहर में रहने वाली दो दोस्त मैत्री और नंदिनी के बीच सच्ची दोस्ती और बचपन के बंधन का प्रतिबिंब है, और कैसे परिस्थितियों के कारण उनका बंधन टूट जाता है।

शो में श्रेनु पारिख, भाविका चौधरी और नमिश तनेजा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। मैत्री जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# कुंडली भाग्य में पहली बार मां का किरदार निभाएंगी इरा सोन

अभिनेत्री इरा सोन, जिन्होंने 2007 में लोकप्रिय शो कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी और आखिरी बार देश की बेटी नंदिनी में देखी गई थीं, सात साल बाद एकता कपूर की कुंडली भाग्य के साथ छोटे पर्दे पर आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने शो का हिस्सा बनने और पहली बार मां की भूमिका निभाने के बारे में बात की। शो में अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा, मैं लीप के बाद शो में मां का किरदार निभा रही हूं, जो मेरे पूरे करियर में पहली बार है। सात साल बाद कुंडली भाग्य में वापसी करने के बारे में उन्होंने कहा, मैंने कुंडली भाग्य को चुना क्योंकि यह हिट शो है, इसकी कहानी शानदार है। मुझे लगा कि मां की भूमिका निभाने के लिए यह मेरे लिए बिल्कुल सही शो है। क्योंकि इसमें बहुत सारे शेड्स हैं और यह बाकियों से अलग है। उन्होंने एक मां की भूमिका निभाने पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा: मैं शूटिंग के पहले दिन नर्वस थी कि मैं इसे कर पाऊंगी। लेकिन मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और यह मेरे लिए कुछ नया और अलग है, मैं काफी उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं एक मां के किरदार में फिट हो जाऊंगी। कम उम्र में मां की भूमिका निभाने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आज किसी किरदार को निभाने की कोई उम्र सीमा है। मां का किरदार सिर्फ एक टिपिकल करेक्टर नहीं है, बल्कि उसका अपना शेड है और उसका अपना ग्राफ है, जिसे आप शो में देखेंगे। मैं इससे बेहद खुश हूं।

# जुबिन और मौनी के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिली

जुबिन नौटियाल, मौनी रॉय और पायल देव का नया गाना 'दोतारा' दोतारा में ट्रैक बंगाली टच देखने को मिला और जुबिन और मौनी के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिली। जुबिन नौटियाल ने कहा, पायल देव के साथ काम करना खुशी की बात है और हमारे सहयोग को हमेशा अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इस म्यूजिक वीडियो में मौनी रॉय के साथ नया गेटअप और रोल प्ले करने में मुझे बहुत मजा आया। हमने सेट पर खूब मस्ती की और मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार नहीं कर सकता। मौनी रॉय ने कहा, 'दोतारा आपको पुराने समय और एक अलग युग में ले जाता है। इन शाही लुक्स के साथ मैं एक राजकुमारी की तरह महसूस कर रही थी और सेट पर माहौल ही कुछ और था। यह एक मजेदार और खूबसूरत म्यूजिक वीडियो है। पायल देव ने कहा, जुबिन नौटियाल और मुझे हमेशा साथ काम करने में मजा आता है और 'दोतारा' ऐसा ही एक और बेहतरीन सहयोग था। हम बंगाली में कुछ बोलों के साथ बंगाली सार भी लेकर आए हैं जो इस ट्रैक को वास्तव में विशिष्ट और असाधारण बनाता है। निर्देशक बॉस्को लेस्ली मार्टिस ने कहा, हम चाहते थे कि संगीत वीडियो मज़ेदार हो - इसमें बहुत सारा ड्रामा और दिलचस्प दृस्य है और जुबिन और मौनी दोनों अलग-अलग अवतारों में हैं। मुझे विश्वास है कि दर्शकों को दोतारा देखना उतना ही पसंद आएगा, जितना उन्हें सुनने में आता है। टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत 'दोतारा' को जुबिन नौटियाल और पायल देव ने गाया है।

# अनुष्का कौशिक सीख रही महिलाओं का मार्शल आर्ट फॉर्म विंग चुन



'घर वापसी' और 'थार' जैसी प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने के बाद, एक्ट्रेस अनुष्का कौशिक तिग्मांशु धूलिया की 'गर्मी' और अरबाज खान के प्रोडक्शन की 'पटना शुक्ला' में अपने काम से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने हाल ही में शूटिंग पूरी की है और अब वह विंग चुन क्लासेस ले रही है, जो दक्षिणी चीन की एक अवधारणा-आधारित युद्ध कला है। यह तकनीक मूल रूप से महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए है।

अनुष्का ने इस बात पर जोर दिया कि देश में अधिक से अधिक महिलाओं को इस मार्शल आर्ट फॉर्म को सीखना चाहिए।

अनुष्का ने कहा, मैं वास्तव में महसूस करती हूं कि क्राफ्ट्स और अन्य एक्टिविटीज की तरह मार्शल आर्ट को भी स्कूली सिलेबस में शामिल किया जाना चाहिए और अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। यह सिर्फ लड़कियों के लिए ही नहीं बल्कि लड़कों के लिए भी जरूरी है। सरकार और स्कूल के अधिकारियों को इस टॉपिक को उठाना चाहिए, क्योंकि जब हम अपराध जैसे मुद्दों के बारे में बात करते हैं और हम इसे कैसे खत्म नहीं कर पा रहे हैं, ऐसे मामलों में हमें अपने बच्चों को सशक्त बनाने की जरूरत है, ताकि किसी भी प्रकार के यौन या शारीरिक उत्पीड़न का सामना करते हुए वे इससे लड़ने में सक्षम हों।

विंग चुन आर्ट फॉर्म ताकत से ज्यादा तकनीक पर फोकस करता है और अनुष्का इसके जरिए जरूरत के वक्त अपने शरीर का इस्तेमाल करना सीख रही हैं।

जब हम लड़ रहे होते हैं, तो जिस व्यक्ति के पास अधिक ताकत होती है, उसके जीतने की संभावना अधिक होती है, लेकिन जब आप तकनीकों को ठीक से जानते हैं, तो आपके जीतने की संभावना अधिक होती है। अगर आप तकनीक जानते हैं, तो आप भले ही दुबले-पतले हैं या ऐसे व्यक्ति हैं, जिनमें इतनी ताकत नहीं है या फिर आपकी उम्र 50-60 साल है, तो भी आप सही नॉलेज से लड़ाई जीत सकते हैं। अनुष्का इस बात से दुखी हैं कि कई महिलाएं ऐसी डिफेंस टेकनीकनहीं सीख रही हैं। उन्होंने कहा: दुख की बात है, मेरी क्लास में, केवल एक महिला है जो मार्शल आर्ट फॉर्म और ट्रेनिंग ले रही है, और वह मैं हूं। हमारे देश में माता-पिता को अपनी बेटियों और बेटों को इस तरह का शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने की जरूरत है। इसे खुद से सीखने से मुझे इसे समझने में मदद मिली है।

# ऑरेंज कलर की ट्यूब ड्रेस में मौनी रॉय ने दिखाया हुस्न का जलवा



बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने ग्लैम फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है जिसमें वो अपने हुस्न का जलवा बिखेर कर फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। टीवी से बॉलीवुड करियर तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस उनकी तस्वीरों की जमकर तारीफ करते हैं। मौनी रॉय ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में ऑरेंज कलर के ट्यूब गाउन पहनी हुई है जिसमें वो बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। हालांकि फैंस भी एक्ट्रेस का ये शानदार आउटफिट देख कर उनके लुक्स की तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि मौनी रॉय अपने हर स्टाइलिश लुक से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। इस बार भी उनकी यूनिक स्टाइल चर्चा में बना हुआ है। दरअसल, मौनी रॉय इस आउटफिट में स्टाइल आइकन अवॉर्ड में नजर आई थीं। इस अवॉर्ज फंक्शन में बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने भी शिरकत की थी। कुछ समय पहले मौनी रॉय इंटरनेशनल टूर पर थीं, जहां वो अपनी बिकिनी फोटोज को लेकर काफी चर्चाएं बटौर रहीं थीं। एक्ट्रेस मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

# अपने नए म्यूजिक वीडियो में बेमिसाल लग रही हैं रमनदीप कौर

अख लाल, बेवफा, बीकानेरी माल, दिल जानिया, इश्क तुम्हारा, नई भूलना तेरा प्यार जैसे सक्सेसफुल म्यूजिक वीडियो की एक लड़ी जैसे लगा देने के बाद, अभिनेत्री और मॉडल रमनदीप कौर गायक संजीव के साथ बेमिसाल इस म्यूजिक वीडियो में अपने ग्लैमरस और शानदार लुक के साथ वापस आ गई हैं। .

बेमिसाल गाना हर उस लड़के या पुरुष के लिए है जो अपनी गर्लफ्रेंड या महिला की खूबसूरती की तारीफ करना चाहता है। यह गाना संदीप निज्जर के साथ रमनदीप कौर का रीयूनियन है। बेमिसाल का निर्देशन संदीप निज्जर ने किया है। हम पहले एक कैनेडियन डायरेक्टर के लिए मेरे दो म्यूजिक वीडियो की शूट के दौरान सेट पर मिले थे।

संदीप ने मुझे मैसेज किया कि चलो मिलते हैं और एक बार फिर साथ में कुछ काम करते हैं। संदीप और उनकी टीम के साथ शूटिंग करना बहुत ही प्लीसेन्ट और मजेदार अनुभव था। जैसा कि हम एक-दूसरे को पहले से जानते थे, हमें उससे अपना सर्वश्रेष्ठ काम करने में मदद मिली, रमनदीप ने बेमिसाल पर काम करने के बारे में बात करते हुए कहा।

एक अभिनेत्री के रूप में, रमनदीप कौर ने डायरेक्टर आरके मालिनेनी की कॉमेडी फिल्म कॉलीफ्लॉवर के साथ टॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी है, जिसमें उन्होंने प्रसिद्ध कॉमेडियन पोसानी कृष्णा मुरली और सम्पूर्णेश बाबू जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। अपनी आगामी परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए, रमनदीप कौर ने कहा, अहिंमसा मेरी आगामी तेलुगु फिल्म है जो 7 अप्रैल 2023 को रिलीज हो रही है।

डायरेक्टर तेजा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में गीतिका, रजत बेदी, चंद्रमौली बिंदू,अभिराम दग्गुबाती, कमल कामराजू व अन्य सितारों के साथ मैं स्क्रीन स्पेस साझा कर रही हूं। । इस आगामी फिल्म के साथ, मैं अपने फैन्स को सरप्राइज करने जा रही हूं और वे निश्चित रूप से एक अभिनेत्री के रूप में मेरे नए अवतार और क्षमता की सराहना करेंगे।

एकजुट थिएटर ग्रुप का सक्रिय हिस्सा रही रमनदीप कौर, पंजाबी संगीत उद्योग में एक लोकप्रिय चेहरा रही हैं। उन्होंने ज़ी म्यूजिक के लिए म्यूजिक वीडियो भी किया है। इसके अलावा, उन्होंने अफसाना खान के ना मार म्यूजिक वीडियो में श्रद्धा आर्य और करण कुंद्रा के साथ स्क्रीन साझा की है।

# 2024 में भारत बिना विपक्ष का दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ?

हरिशंकर व्यास

सन् 2024 भारत का टर्निंग प्वाइंट है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बिना विपक्ष के होगा। नोट रखें मेरी इस बात को कि सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष निपटेगा। पार्टियों के बोर्ड होंगे मगर दुकान खाली। 2024 का चुनाव अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल और नीतीश कुमार का आखिरी लोकसभा चुनाव होगा। मतलब यह कि मई 2024 के आम चुनाव के बाद सपा, तृणमूल, आप, जदयू जिंदा तो रहेंगे मगर कम्युनिस्ट पार्टियों, रिपब्लिकन पार्टी व बसपा जैसी हैसियत में। ये क्षत्रप 2024 से 2029 के बीच में प्रादेशिक वजूद भी पूरी तरह गंवा बैठेंगे। नेता मुकद्मों और जेल में फंसे होंगे। सवाल है कैसे यह संभव?

सर्वप्रथम नोट करें कि सन् 2024 का आम चुनाव मोदी का आखिरी चुनाव है। इस चुनाव और उसके बाद के पांच साला कार्यकाल में हिंदू राजनीति अमित शाह-योगी की जमीन बनाने पर फोकस करेगी। करिश्मे के बाद भी सत्ता-पक्की स्थायी रहे इसके लिए विपक्ष को खत्म करने का मिशन। इसमें यूपी, बिहार, बंगाल के 60 प्रतिशत हिंदू वोटों को भगवा में रंगने की प्राथमिकता नंबर एक पर। ध्यान रहे 2019 में भाजपा ने 13 प्रदेशों में कुल वोटों में 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट पाए थे। इस लिस्ट पर गौर करें- हिमाचल, गुजरात और उत्तराखंड में भाजपा को क्रमशः 69 प्रतिशत, 62 प्रतिशत और 61 प्रतिशत वोट मिले थे। झारखंड राजस्थान, मध्य प्रदेश अरूणाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली के छह राज्यों में भाजपा को 57 से 59 प्रतिशत के बीच वोट मिले। फिर तीसरी कैटेगरी के चार राज्यों छतीसगढ़, कर्नाटक, गोवा, चंडीगढ़ में हर जगह भाजपा के 51 प्रतिशत वोट थे। उत्तर प्रदेश में भाजपा के पचास फीसदी वोट थे। इन 13 राज्यों की 273 सीटों में से भाजपा ने 243 सीटें जीतीं।

बिहार और बंगाल का जहां सवाल है तो बिहार की मौजूदा राजनीति में यदि जनता दल यू के वोटों को अलग रखें तो भाजपा और पासवान पार्टी के साझे में तब 32 प्रतिशत वोट थे। दोनों की 23 सीटें हैं। जनता दल यू का वोट तब 22 प्रतिशत था। उधर बंगाल में भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में 41 प्रतिशत वोट और 18 सीटें मिली थीं।

कुल मिलाकर इन पंद्रह राज्यों की 355 लोकसभा सीटों में भाजपा के पास अभी 284 सीटें हैं। इसे अधिकतम कह सकते हैं। अपनी जगह बात ठीक है। पर सोचें, कि सन् 2024 में यदि यही रिजल्ट रहा तब अखिलेश, ममता, केजरीवाल और नीतीश कुमार के लिए क्या बचेगा? उनके लिए आगे क्या बचेगा? फिलहाल में कांग्रेस को अलग रख रहा हूं। मगर हां, यह भी तय मानें सीट जीतने की बात तो दूर कांग्रेस भी इन प्रदेशों में पुराना वोट आधार भी गंवाएगी। इसलिए क्योंकि आम आदमी पार्टी कई राज्यों में उसके वोट वैसे ही खाएगी जैसे उसने गुजरात और गोवा में खाए।

बहरहाल फिलहाल मुद्दा 2024 में इन 15 राज्यों में मोदी की हवा और भाजपा की इलेक्शनरिंग के जादू का है। विपक्ष के मिटने का है। बंगाल, बिहार, यूपी, पंजाब, दिल्ली ये वे पांच राज्य हैं, जिसमें भाजपा को वोट और सीट दोनों बढ़ानी है ताकि केजरीवाल, ममता, नीतीश, अखिलेश का झंझट आगे के लिए हमेशा खत्म हो। दक्षिण के राज्यों में यह आसान नहीं है। पर इन राज्यों में है। भाजपा अपने मकसद को दो तरीकों से साधेगी। एक, हिंदू वोटों (खास तौर पर पिछड़े और लाभार्थी) में 65-70 प्रतिशत लोगों की गोलबंदी से। मसलन पंजाब में यदि 38 प्रतिशत हिंदू हैं तो खालिस्तानी हल्ले में हिंदुओं को पूरी तरह भगवा बना डालना। इससे कांग्रेस, अकाली, आप चुनाव में सिख वोटों में परस्पर लड़ती-भिड़ती होगी वही प्रदेश की 13 सीटों में भी भाजपा अकेले या कुछ परोक्ष तालमेल से सीटें जीत लेगी। कांग्रेस और आप दोनों आपस में लड़ कर ही निपटेंगे।

हां, 2024 के चुनाव तक खालिस्तानी हल्ला ऐसा रहेगा कि केजरीवाल हिंदू और सिख दोनों में न केवल बुरी तरह बदनाम होंगे, बल्कि आश्चर्य नहीं जो अपने नेताओं के साथ जेल में हों। भाजपा के लिए केजरीवाल अब हर तरह से उपयोगी हैं। पंजाब के हिंदुओं को, दिल्ली-हरियाणा के पंजाबियों को अपने पीछे गोलबंद बनवाने के लिए तो आप पार्टी की भ्रष्ट कमीज दिखला कर अपने को उजाला बतलाने के भाजपा प्रचार से लेकर हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, उत्तराखंड सब तरफ कांग्रेस के वोट कटवाने के लिए भी। संभव ही नहीं है जो सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में आप पार्टी एक भी लोकसभा सीट जीत पाए। फिर दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप का पूरी तरह सफाया है। यही बंगाल और बिहार में होना है। बंगाल में कम से कम 45 प्रतिशत हिंदू वोटों की गोलबंदी तो बिहार में गैर-यादव हिंदू वोटों की नई गोलबंदी भाजपा की रणनीति है। मामूली बात है मगर बड़ा महत्व है। भाजपा ने सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बना कर गैर-यादव पिछड़ों के की गोलबंदी करवाने के संकेत दिए इसलिए लोकसभा चुनाव में जनता दल यू को बिहार में 15 प्रतिशत (हां, जदयू-राजद-कांग्रेस-लेफ्ट का एलायंस यदि पूरी ताकत से लड़ा तो अलग बात) वोट भी नहीं मिल पाएगा। वहां मुस्लिम बहुल इलाकों में भाजपा की अलग रणनीति है तो पिछड़ा बहुल में अलग।

इसी एप्रोच में भाजपा बंगाल और यूपी में काम कर रही है। मुस्लिम बहुल रामपुर में भाजपा जीती है तो बंगाल में भी इसलिए जीतेगी क्योंकि जैसे उत्तर प्रदेश में मायावती के बाद अब अखिलेश यादव को मुसलमान भाजपा का पिट्ठू समझने लगा है वैसी ही इमेज ममता बनर्जी की बंगाल के मुसलमानों में बनती हुई है। जो काम केजरीवाल हरियाणा, राजस्थान, पंजाब में कांग्रेस को डुबाने के लिए करेंगे वैसा ही काम कांग्रेस-लेफ्ट यूपी और बंगाल में मोदी विरोधी घोर सेकुलर तथा मुस्लिम वोट पा कर ममता-अखिलेश के लिए करेंगे। कोई माने या न माने मोदी विरोधी तमाम सेकुलर वोट और मुसलमान मन ही मन राहुल गांधी और कांग्रेस को मोदी विरोधी लड़ाई का असल जूझारू नेता मान रहा है। तभी एक लब्बोलुआब कि जैसे केजरीवाल और अखिलेश इस मुगालते में हैं कि 2024 के चुनाव में कांग्रेस खत्म होगी तो कांग्रेस में भी सोचा जा रहा है कि ममता, केजरीवाल, अखिलेश 2024 में गुल हो जाएंगे मगर कांग्रेस जिंदा रहेगी। इसलिए वह क्यों एलायंस के लिए भागे!

जाहिर है मोदी-शाह 2024 में विपक्ष को मिटा देने की ठाने हुए हैं तो विपक्ष भी आत्महत्या के दसियों उपाय करता हुआ है।

## तीन किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने तीन किलो गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने घाट चौक पर चैकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार को रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से तीन किलो गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष पटेल पुत्र कल्लू पटेल निवासी टोडा कल्याणपुर थाना गंग नहर हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## स्कूटी की चपेट में आकर महिला घायल

देहरादून (सं)। स्कूटी की चपेट में आकर घर के बाहर टहल रही महिला घायल हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्क रोड निवासी इंद्रजीत सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी घर के बाहर टहल रही थी इसी दौरान एक नाबालिग स्कूटी सवार तेजी से वहां पर आया और उसकी पत्नी को टकर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सू- दोकू क्र.080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.79 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# फांसी की सजा : विकल्प तलाशने की कवायद

शिशिर शुक्ला

सर्वोच्च अदालत द्वारा भारत में मृत्युदंड के तरीके अर्थात फांसी की सजा के विकल्प पर विचार करने के लिए एक समिति के गठन के संकेत दिए गए हैं।

खास बात यह है कि सर्वोच्च न्यायस्थल द्वारा ऐसा निर्णय केवल इसलिए है ताकि मृत्युदंड का कोई ऐसा विकल्प तलाशा जा सके जो अपेक्षाकृत कम दर्दनाक और अधिक मानवीयतापूर्ण हो। दूसरे शब्दों में यदि यह कहा जाए कि शीर्ष अदालत द्वारा जघन्य अपराध के दोषियों के लिए यातनारहित मृत्यु का तरीका ढूंढा जा रहा है, तो गलत नहीं होगा।

जघन्य अपराधों के लिए मृत्युदंड दिए जाने की व्यवस्था तो बहुत प्राचीन काल से विद्यमान है। हम अपने धर्मग्रंथों रामायण एवं महाभारत में वर्णित विभिन्न घटनाओं पर विचार करें तो भी निष्कर्ष यही निकलता है कि गंभीर अपराधों का परिणाम दोषी को मृत्युदंड द्वारा ही भुगतना पड़ता था। आज की स्थिति भी यही है कि भारत में हत्या एवं बलात्कार जैसे अमानवीय कृत्यों के लिए मृत्युदंड के रूप में फांसी की व्यवस्था है। न्याय व्यवस्था के लचीलेपन का इससे बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है कि 2009 में तमिलनाडु में सात वर्ष के बच्चे के अपहरण एवं हत्या के दोषी को मृत्युदंड को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बीस वर्ष के आजीवन कारावास में सिर्फ इस तर्क के आधार पर तब्दील कर दिया गया कि अपराधी होने के बावजूद उसमें सुधार की संभावना विद्यमान है। सोलह दिसम्बर, 2012 को दिल्ली में घटित निर्भया कांड को हममें से शायद ही कोई जीवन में भूल पाएगा। हैवानियत की नग्नता एवं दर्दनाक चीखों से युक्त इस निर्मम घटना ने पूरे देश को दहला कर रख दिया था। ध्यातव्य तो है कि एक ऐसे कांड, जिसमें पशुता की सभी हदें पार कर दी गई हों, का इंसाफ होने में सात वर्ष, तीन माह और तीन दिन लग गए। वो भी पीड़िता की मां द्वारा की गई तमाम जटिल कानूनी कोशिशों के बाद। इसे कहीं न कहीं हमारी न्याय व्यवस्था की कमी कहा जाए अथवा आवश्यकता से अधिक लचीलापन, कि वारदात होने एवं दोषी को सजा मिलने के बीच लंबा समयांतराल होता है, जिसमें पीड़ित अथवा पीड़िता के परिजनों को न्याय की प्रतीक्षा के साथ-साथ उसे हासिल करने के लिए जी जान लगानी पड़ती है। सर्वोच्च अदालत में दाखिल जनहित याचिका में मृत्युदंड के लिए फांसी के तरीके को क्रूर, तकलीफदेह एवं अमानवीय बताते हुए किसी ऐसे तरीके को अपनाए जाने की मांग की गई है जो मानवीय गरिमा को कायम रखने वाला हो। न्यायालय ने केंद्र सरकार से ऐसे वैज्ञानिक डेटा की उपलब्धता को लेकर प्रश्न किया है, जो मृत्यु के विभिन्न तरीकों में होने वाले कष्ट के मापन से संबंधित हो।

याचिकाकर्ता से एक प्रश्न तो निश्चित रूप से किया ही जाना चाहिए कि क्या किसी बहन अथवा बेटी के जीवन से खिलवाड़ करने वाले हैवान द्वारा उस कष्ट के विषय में तनिक भी विचार किया गया था जो पीड़िता द्वारा तड़प-तड़प कर सहा गया। कटु सत्य तो यह है कि आए दिन कभी मासूम बच्चियों से, तो कभी किशोरियों से होने वाले जघन्य अपराध केवल और केवल इस वजह से होते हैं कि अपराधी इनके परिणाम को लेकर निश्चिंत रहता है। उसके अंदर अपराध के दंड को लेकर तनिक भी खौफ नहीं होता। क्या हमारे कानून एवं न्याय व्यवस्था का इतना लचीला होना उचित है कि निर्भया कांड का आरोपी, जिसने सर्वाधिक घृणित एवं दरिंदगीपूर्ण कृत्य को अंजाम दिया, केवल नाबालिग होने के कारण सजा से बच गया। छब्बीस नवम्बर, 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का आरोपी, जिसने सैकड़ों निर्दोषों को मौत के घाट उतार कर मुंबई के कई स्थानों को रक्तरंजित कर दिया था, चार वर्ष के बाद फांसी के तख्ते तक पहुंच पाया। हमें मानना होगा कि कहीं न कहीं हमारी न्याय व्यवस्था एवं अपराधियों के प्रति उसका रवैया जरूरत से ज्यादा नरम है। कल्पना करें कि फांसी के स्थान पर मृत्युदंड का कोई आसान विकल्प उपलब्ध हो जाने एवं उसे लागू कर दिए जाने पर उसका परिणाम क्या होगा।

# उत्तराखंड के विधायकों के लैपटॉप पर जनता के 3.37 करोड़ खर्च

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के विधायकों को लैपटॉप देने पर जनता का 3 करोड़ 37 लाख 22 हजार 149 रूपये खर्च हो चुके है। प्रत्येक विधायक को प्रत्येक कार्यकाल के पहले वर्ष में एक लैपटॉप दिया गया है। कुछ वर्षो में प्रिंटर, वेब कैमरा तथा बैग उपलब्ध कराने की भी सूचना दी गयी है।

इस बात का खुलासा सूचना अधिकार के अन्तर्गत विधानसभा सचिवालय द्वारा काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) को दी गयी है। विधानसभा के लोक सूचना अधिकारी से विधायकों की सुविधाओं पर खर्च की सूचनायें मांगी गयी थी। इसके जवाब में विधानसभा सचिवालय के लोक सूचना अधिकारी/अनुसचिव मनोज कुमार ने अपने पत्रांक 146 दिनांक 9 मार्च 2023 से विधानसभा के सदस्यों को लैपटॉप उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी सूचनायें उपलब्ध करायी गयी है।



### ●प्रत्येक कार्यकाल में दिया जाता है नया लैपटॉप

उपलब्ध सूचना के अनुसार राज्य गठन से लेकर पांचवी विधानसभा के सदस्यो तक 5 बार सभी 71 विधायकों को लैपटॉप दिये गये है जिस पर कुल 3 करोड़ 37 लाख 22 हजार 149 रूपये की धनराशि खर्च हुई है। उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार 2004 में रू. 58,66,588 रूपये खर्च करके 71 लैपटॉप 82628 रू. प्रति लैपटॉप की दर के उपलब्ध कराये गये जबकि 13208 रू. प्रति प्रिंटर की दर के 71 प्रिंटर भी 9,37,768 रू.खर्च करके उपलब्ध कराये गये। 2007 में 71 विधायकों को 7019231रू. कीमत के लैपटॉप टैक्स सहित रू. 51,83000 खर्च करके उपलब्ध कराये गये जबकि 8550 रू. की कीमत के प्रिंटर टैक्स सहित 6,31,332 रूपये खर्च करके उपलब्ध कराये गये।

वर्ष 2012 में 71 विधायकों को 59915 रू. कीमत का लैपटॉप 1800 रूपये की कीमत का बैग तथा 4429 की कीमत का वेब कैमरा टैक्स सहित 49,26,385 रू. खर्च करके उपलब्ध कराये गये। 2014 में 59390 रू. की कीमत के 3 लैपटॉप टैक्स सहित 187078 खर्च करके 4965 कीमत के 3 प्रिंटर 14895 रूपये खर्च करके उपलब्ध कराये गये। वर्ष 2017 में 71 विधायकों को 64625-42 की कीमत के लैपटॉप टैक्स सहित 54,14,917-88 खर्च करके तथा 8250 रू. कीमत के प्रिंटर टैक्स सहित 6,91,185 रू. खर्च करके उपलब्ध कराये गये।

उपलब्ध सूचना के अनुसार पंचम विधानसभा (2022) के सदस्यों को लैपटॉप एवं प्रिंटर उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक विधायक के खाते में रू. 139000 स्थानांतरित कर दिये गये है। इस प्रकार 71 विधायकों के खाते में लैपटॉप हेतु हस्तांतरित धनराशि की गणना 98 लाख 69 हजार रू. है।

## राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्यो के लिए डा. नरेश चौधरी को विशेष रूप से सम्मानित किया



हरिद्वार (कासं)। लैफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह राज्यपाल उत्तराखण्ड ने अवधूत मंडल आश्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के शरीर रचना विभागाध्यक्ष रेडक्रास सचिव डा. नरेश चौधरी को अपने मूल दायित्वों के साथ सामाजिक सेवा में भी समर्पित भावना से किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिए विशेष रुप से सम्मानित किया।

## राज्य में कोरोना पॉजीटिव छात्रा की मौत

हमारे संवाददाता

चंपावत। एंटीजन जांच में पॉजिटिव पायी गयी एक 16 साल की छात्रा की मौत हो गई। सीएमओ डॉक्टर केके अग्रवाल ने मामले की पुष्टि की गयी। उन्होंने बताया कि एंटीजन जांच में छात्रा पॉजिटिव पाई गई थी। जिसे आईसीयू से हायर सेंटर रेफर करने तैयारी की जा रही थी। लेकिन इससे पहले ही छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की मौत के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गया है।

### ●हायर सेंटर रेफर करने की थी तैयारी

ऑक्सीजन लेबल कम होने के बाद छात्रा की मौत हुई है। सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि छात्रा को गत दिवस जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि छात्रा को बुखार, जुकाम के साथ ही सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। एंटीजन टेस्ट में उक्त छात्रा कोरोना पॉजिटिव पाई गई। गत दिवस देर रात छात्रा की तबियत अचानक अधिक खराब हो गई।

जिसके बाद उसके आईसीयू में भर्ती कराया गया। आज ऑक्सीजन लेबल कम होने और अन्य दिक्कत होने पर छात्रा को हायर सेंटर रेफर करने की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। सीएमओ ने बताया कि छात्र के जीनोम सीक्वेंस और आरटीपीसीआर सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कक्षा 12 में पढ़ने वाली छात्रा साथियों के साथ पंतनगर टूर से बीते 28 मार्च को घर लौटी थी। जिसकी आज मौत हो गयी है। वहीं छात्रा की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है।

## 9 अप्रैल को कड़ी सुरक्षा के बीच होगी परीक्षा

चमोली (आरएनएस)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की वन आरक्षी परीक्षा 9 अप्रैल को आयोजित होगी। परीक्षा की तैयारियों को लेकर संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी ने सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। सभी केन्द्रों पर परीक्षा से एक दिन पूर्व ब्रीफिंग की जाए और अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी परीक्षा केन्द्रों पर वीडियोग्राफी की जाए। उन्होंने बताया कि वन आरक्षी परीक्षा के लिए जनपद में 35 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें कुल 7958 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र में घड़ी, स्मार्ट वाच, मोबाइल फोन एवं गैजेट्स पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। पुलिस को परीक्षा के दौरान कडी सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा टीमों को अलर्ट रखने के निर्देश दिए गए। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने नियुक्त सभी अधिकारियों को संवदेनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश दिए।

## मांगों को नहीं माना तो 27 को चक्का जाम

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

प्रीफैबरीकेटेड हट बनाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली गई है सत्ता में बैठे लोगों ने यह मान लिया है कि अब जोशीमठ में कुछ बड़ा होने वाला नहीं है जबकि पूरे जोशीमठ के अस्तित्व पर बड़ा खतरा बना हुआ है। सरकार ने अभी तक आपदा प्रभावितों के विस्थापन की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। संघर्ष समिति ने राज्य सरकार को ज्ञापन देकर साफ चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वह 27 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के पहले ही दिन चक्का जाम करेंगे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अभी अपने दिल्ली दौरे के समय सीएम धामी ने आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए दो हजार करोड़ की मदद केंद्र सरकार से मांगी गई थी।

## ऑटो की चपेट में आकर बीएसएफ का जवान घायल

संवाददाता

देहरादून। ऑटो की चपेट में आकर बीएसएफ का जवान घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीआईजी कार्यालय में तैनात बीएसएफ के जवान सुमन सिंह ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी एक्टिवा से घर की तरफ जा रहा था जब वह फव्वारा चौक के पास पहुंचा तभी एक ऑटो ने उसकी एक्टिवा पर टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

## ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत

संवाददाता



देहरादून। ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चकशाह नगर निवासी महेश्वरी देवी बाजार से घर की तरफ जा रही थी जब वह हरिद्वार रोड पर पहुंची तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## नयाब तहसीलदार, अग्निशमन अधिकारी सहित पांच...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

धारण कर लिया तो आग बुझाते-बुझाते फायर टैंकर खाली हो जाने पर फायर टैंकर को पुन: पानी से भरकर लाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया, आग लगने की सूचना पर थाना त्यूणी द्वारा मोरी फायर स्टेशन तथा हिमांचल प्रदेश जुब्बल से दमकल वाहनों को मौके पर पहुँचने हेतु थानाध्यक्ष जुब्बल हिमाचल प्रदेश, थानाध्यक्ष मोरी जनपद उत्तरकाशी, चौकी आराकोट व एस.डी.आर.एफ. मोरी को सूचित किया गया, जिस पर थाना मोरी से एक दमकल वाहन व एस.डी.आर.एफ. टीम व जुब्बल हिमाचल से एक दमकल वाहन घटना स्थल पर पहुंचे। मकान में आग बुझाते समय दो और सिलेण्डर फटने एंव उक्त मकान अधिक लकड़ी का बना होने के कारण आग ने और वीभत्स रूप धारण कर लिया, साथ ही मकान में चार बच्चो के फंसे होने की सूचना भी मिली, जिनको रैस्क्यू कर मकान से बाहर निकालने का भरसक प्रयास किये गये किन्तु आग वीभत्स रूप धारण करने के कारण काबू नही किया जा सका। तीनो दमकल वाहनो द्वारा बामुश्किल 4-5 घण्टो में आग पर काबू पाया गया। स्थानीय व्यक्तियो द्वारा घटना में मकान के अन्दर अधिरा पुत्री विकेश निवासी ग्राम भाटगढी थाना त्यूनी जनपद देहरादून उम्र करीब 5 वर्ष, सैजल पुत्री विकेश निवासी ग्राम भाटगढी थाना त्यूनी जनपद देहरादून उम्र करीब 2 वर्ष, समृद्वि पुत्र जयलाल निवासी ग्राम बिकटाड थाना नेरवा शिमला हिमाचल प्रदेश उम्र 9 वर्ष सोनम पुत्री त्रिलोक निवासी जाकटा निनूस थाना त्यूनी जनपद देहरादून उम्र 9 वर्ष के होने की सूचना दी गयी थी। रात्रि में पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर व जनपद के अन्य आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा अपनी निगरानी में राहत एवं बचाव कार्य कराया गया। घटनास्थल से एसडीआरएफ तथा पुलिस की टीम द्वारा दो बच्चों के शवों को बरामद किया गया है। शेष बच्चों की तलाश हेतु राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

त्यूनी थानाक्षेत्र अंतर्गत मकान में आग लगने की अत्यंत दुखद घटना हुई है पुलिस महानिदेशक,उत्तराखंड अशोक कुमार द्वारा उपरोक्त दुखद घटना की जांच पुलिस उपमहानिरीक्षक,फायर श्रीमती निवेदिता कुकरेती को सौंपी गई है। उपरोक्त घटना की जांच प्राथमिकता के आधार पर 03 दिवस के भीतर संपादित कर रिपोर्ट पुलिस महानिदेशक को देने के आदेश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख सहायता राशि देने की घोषणा की है। जिलाधिकारी द्वारा राहत बचाव कार्यों में लापरवाही पर नायब तहसीलदार को निलंबित किया तथा अग्निशमन विभाग के नोडल अधिकारी सहित चारं को लाइन हाजिर किया गया है। जिलाधिकारी सोनिका ने मृतकों के परिजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया। जिलाधिकारी की निगरानी में मृतक बालिकाओं के शव को खोजने हेतु एस.डी.आर.एफ. एवं अन्य टीमों द्वारा रेस्क्यू जारी है।

## एक नजर

## गुड फ्राइडे के अवसर पर पीएम मोदी ने ईसा मसीह को याद किया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह को याद करते हुए कहा कि दर्द और पीड़ा का सामना करने के बावजूद सेवा और करुणा के अपने आदर्शों से वह कभी विचलित नहीं हुए। प्रधनमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, आज गुड फ्राइडे पर, हम प्रभु मसीह के बलिदान की भावना को याद करते हैं। उन्होंने दर्द और पीड़ा का सामना किया, लेकिन सेवा और करुणा के अपने आदर्शों से कभी वह विचलित नहीं हुए। प्रभु मसीह के विचार लोगों को प्रेरित करते रहें। गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों के लिए पवित्र दिन है, इसी दिन ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाया गया था। इस दिन को होली फ्राइडे, ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे और इस्टर फ्राइडे भी कहा जाता है।

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर 50 लोगों की हत्या की

नई दिल्ली। अफ्रीकी देश नाइजीरिया में बड़ा नरसंहार हुआ है। यहां कुछ लोगों ने भरे बाजार में ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया और इस हमले में 50 लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि ये स्थानीय चरवाहे थे, जिन्होंने इस बड़ी घटना को अंजाम दिया। उत्तर मध्य नाइजीरिया के बेन्यू राज्य में गुरुवार को बंदूकधारियों ने कम से कम 50 लोगों की हत्या कर दी। हालांकि, अभी हमले की जिम्मेदारी किसी भी संगठन की तरफ से नहीं ली गई है। अधिकारियों ने कहा कि स्थानीय चरवाहों पर हमले का संदेह था, जो पहले भी उत्तरी मध्य नाइजीरिया में जमीन के झगड़ों को लेकर किसानों से भिड़ चुके हैं। अधिकारियों ने कहा कि हमले का शक स्थानीय चरवाहों पर जा रहा है। किसानों ने चरवाहों पर पशुओं को चराने और उनकी फसल को नष्ट करने का आरोप लगाया है।

## दो पाकिस्तानी ड्रग तस्करों से 70 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद

श्रीनगर। श्रीनगर में बृहस्पतिवार को दो सीमापार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से 70 करोड़ रुपये मूल्य की 11 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की गई।पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार ने ट्वीट किया, 'दो सीमापार तस्करों सज्जाद बडाना और जहीर तंच को करनाह कुपवाड़ा से श्रीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 11.089 किलोग्राम हेरोइन (अंतरराष्ट्रीय बाजार में 70 करोड़ रुपये मूल्य) और 11,82,500 रुपये नकद जब्त की गई है।' अधिकारी ने बताया कि तस्करों के खिलाफ राजबाग थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एडीजीपी ने बताया कि मादक पदार्थ पाकिस्तान से आया था।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 6,050 केस सामने आए

नई दिल्ली: भारत में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में तेजी जारी है। पिछले 24 घंटे में ही देश में 6,050 नए केस सामने आए हैं। इसी के साथ देश में एक्टिव केस या उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 28,303 पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह ये जानकारी दी गई। पिछले साल के 16 सितंबर के बाद पहली बार देश में कोरोना के 6 हजार से अधिक केस सामने आए हैं। बढ़ते कोरोना मामलों के बीच आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्री के साथ उच्चस्तरीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें देश में कोरोना से निपटने की तैयारियों पर बात की जाएगी। बहरहाल, कोरोना से 14 और मौतों के बाद देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या अब बढ़कर 5,30,943 हो गई है। तीन मौतें महाराष्ट्र में दर्ज की गई हैं। वहीं कर्नाटक और राजस्थान में दो-दो मौतें हुई हैं। इसके अलावा दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब में एक-एक मौत हुई है। केरल में भी मौत की संख्या में सुधार करते हुए मृतकों की संख्या में एक और बढ़ाया गया है। दैनिक संक्रमण दर देश में बढ़कर 3.39 प्रतिशत हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोविड रिकवरी दर यानी देश में कोरोना से ठीक होने की दर अभी 98.75 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि कल कुल 1,78,533 कोरोना टेस्ट किए गए। वहीं, पिछले 24 घंटों में टीकों की कुल 2,334 खुराकें दी गईं। 16 जनवरी, 2021 को राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू होने के बाद से अब तक कुल 2,20,66,20,700 टीके लगाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 9,422 सक्रिय मामलों के साथ केरल में सबसे अधिक कोविड मामले दर्ज किए गए हैं। दिल्ली में 2,060 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं जबकि महाराष्ट्र में कुल 3,987 सक्रिय मामले अभी हैं।

# हटाए जाएंगे सभी अवैध मजार: धामी

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि अवैध रूप से किए गए कब्जों के खिलाफ उनकी सरकार की कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हम धार्मिक तुष्टीकरण की राजनीति नहीं करते हैं। वन विभाग या राज्य सरकार द्वारा नजूल भूमि पर अवैध रूप से किए गए सभी प्रकार के कब्जों को हटाने का काम जारी रहेगा। चाहे वह किसी भी धर्म के हो।



**●अवैध कब्जों पर कार्रवाई रहेगी जारी**
**●राज्य में 1 हजार से अधिक मजार चिन्हित**
**●सभी विभाग कर रहे हैं सर्वे का काम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि राज्य की मूल संस्कृति को बिगाड़ने की इजाजत किसी को भी नहीं दी जाएगी। उनका कहना है कि वन विभाग व सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर किए गए कब्जों के चिन्हीकरण का काम किया जा रहा है। सभी विभागों द्वारा चाहे वह वन विभाग हो या राज्य संपत्ति विभाग, नगर निगम हो या निकाय सभी विभागों को अवैध कब्जे चिन्हीकरण के काम के लिए कहा गया है तथा सर्वे का काम जारी है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले 1 साल में राज्य में 102 अवैध मजारों को हटाने का काम किया गया है। राज्य के तमाम विभागों द्वारा किए गए सर्वे में बड़े पैमाने पर अवैध मजारों के निर्माण का खुलासा हुआ है। अब तक राज्य में 1हजार से भी अधिक मजार चिन्हित किए जा चुके हैं खास बात यह है कि सैयद बाबा के नाम से राज्य में आधा दर्जन से अधिक मजारे हैं। जिस पर सवाल उठाया जा रहा है कि किसी एक पीर के नाम से एक से अधिक मजारे कैसे हो सकती है। माना जा रहा है कि एक समुदाय विशेष द्वारा सोची समझी रणनीति के तहत राज्य में मजार जिहाद का अभियान चलाया जा रहा है। इंतजामियां कमेटी द्वारा मजारों के लिए फ्रेंचाइजी बांटे जाने का काम करने की बात भी सामने आई है। खास बात यह है कि कार्बेट टाइगर रिजर्व जैसे प्रतिबंधित क्षेत्रों में जहां बिना परमिशन के किसी को घुसने तक की इजाजत नहीं होती है उसकी कई रेंजों में भी मजारे होने की बात सामने आई है। राज्य के कुछ वन क्षेत्र में कुछ मजारे 1980 से भी पहले की बनी है जबकि कुछ मजारे अलग राज्य बनने के बाद बनाई गई हैं।

मुख्यमंत्री धामी द्वारा एक साल पहले राज्य में जनसंख्या असंतुलन की बात कहते हुए राज्य की संस्कृति को बिगाड़ने की कोशिश किए जाने की बात कही गई थी। जिसके बाद अवैध मजारों की आड़ में राज्य में घुसपैठ के मुद्दे ने तूल पकड़ा जिस पर सीएम ने संज्ञान लेते हुए विभागों को सर्वे के आदेश दिए गए थे।

## डोईवाला क्षेत्र में गुलदार की दस्तक, पालतू कुत्ते पर किया हमला



हमारे संवाददाता

देहरादून। डोईवाला क्षेत्र में गुलदार के आबादी क्षेत्र में दस्तक देने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। गुलदार द्वारा देर रात एक पालतू कुत्ते को निवाला बनाने का प्रयास किया गया। हालांकि क्षेत्रवासियों के हो हल्ला मचाने पर गुलदार भाग निकला। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से मांग की है कि सुरक्षा के उचित कदम उठाये जाये ताकि ग्रामीणों को दहशत से छुटकारा मिल सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात लगभग 8.30 बजे डोईवाला के सिमलास ग्रांट झड़ोद गांव में एक गुलदार स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार वर्मा और कल्याण सिंह के घर के आस-पास देखा गया।

बताया जा रहा है कि इस गुलदार ने प्रदीप कुमार वर्मा के पालतू कुत्ते को अपना निवाला बनाने की कोशिशों के चलते उस पर हमला किया, जिसमें कुत्ता घायल हो गया। कुत्ते पर गुलदार के हमले के दौरान पड़ोसियों द्वारा शोर मचाने से गुलदार वहां से भाग निकला। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से मांग की है कि जिस प्रकार से गुलदार ने आबादी का रुख किया है उससे गांववालों को खतरा पैदा हो गया है। जिससे सभी सुरक्षात्मक आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि गांव वाले चैन की सांस ले सके।

## नॉनवेज रेस्त्रां व ढाबों को अब लिखना होगा 'मांस झटका है या हलाल'

हमारे संवाददाता

देहरादून। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब सहित अन्य राज्यो की तरह अब उत्तराखंड में भी मांसाहारी व्यंजन परोसने वाले रेस्त्रां और भोजनालयों को अपने यहां एक पोस्टर लगाकर लिखना होगा कि हम झटका मांस परोस रहे है या फिर हलाल, इस आशय के निर्देश उत्तराखंड सरकार को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग से मिले एक पत्र के बाद जारी कर दिये गए है।

उत्तराखंड सिख कॉर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष गुरदीप सिंह सहोता ने राष्ट्रीय अल्प संख्यक आयोग को एक पत्र लिख कर यह निवेदन किया था कि उत्तराखण्ड में जहां जहां भी रेस्त्रां भोजनालय में मांस के व्यंजन परोसे जाते है वहां स्पष्ट लिखा होना चाहिए कि यहां हलाल मीट है अथवा झटका। स. सहोता ने कहा था कि सिख हिंदू धर्म के लोग हलाल मांस का सेवन नहीं करते है। उनका कहना था कि दिल्ली पंजाब और अन्य राज्यो में ऐसा बोर्ड लिखा जाता है अथवा मेन्यू में इस बात का स्पष्ट उल्लेख होता है।

स. सहोता के पत्र के बाद राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष स. इकबाल सिंह लालपुरा ने उत्तराखंड शासन को इस आशय का पत्र जारी करते हुए

**हिंदू सिख समुदाय की शिकायत पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने लिखा उत्तराखंड सरकार को पत्र**

निर्देशित किया है कि वह राज्य में इस व्यवस्था को सुनिश्चित कराये।

वहीं मामले में सिख कॉर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष गुरदीप सिंह सहोता का कहना है कि 18 जनवरी 2023 को पत्र जारी होने के बाद भी सरकार की तरफ से उस पर अब तक कोई कारवाई नही हुई है। जिस पर हम लोगों द्वारा अपर प्रमुख सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की गयी थी, उन्होंने बताया कि उक्त पत्र के विषय के अनुपालन के संदर्भ में हमने डीजीपी, जिलों के एसएसपी को लिख दिया है। स. सहोता का कहना है कि यह विषय फूड सप्लाई यानी खाद्य विभाग से जुड़ा हुआ है, लिहाजा फूड लाइसेंस बनवाने और खाद्य पदार्थों की जांच आदि करने वाले विभाग को ही इस मामले में जिम्मेदारी दी जानी चाहिए।

## गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी

देहरादून (सं)। फोन पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरधर विहार हर्रावाला निवासी कृपाल सिंह नेगी ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके फोन पर हरिपुर माजरी निवासी नितेश थापा ने व्हटसएप कॉल की और उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*